# भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद
## कृषि भवन, नई दिल्ली

फा॰ संख्या 3(4)/2022 – हिन्दी    दिनांक 07 जुलाई, 2022

**कार्यालय आदेश**

कृषि और संबद्ध विज्ञानों पर हिन्दी में रचित तकनीकी पुस्तकों हेतु भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा चलाई जा रही डॉ. **राजेन्द्र प्रसाद पुरस्कार योजना** के संबंध में कैलेंडर वर्ष 2021 के दौरान लिखी गई/प्रकाशित पुस्तकों को पुरस्कृत करने हेतु महानिदेशक, भाकृअप द्वारा गठित मूल्यांकन समिति द्वारा निम्नलिखित दो पुस्तकों को पुरस्कार के लिए चुना गया है:

| क्र.सं. | चयनित पुस्तक का नाम | लेखकों / लेखिकाओं के नाम (संयुक्त रूप से) |
|---|---|---|
| 1. | ग्रीनहाउस खेती<br>उत्पादन एवं संरक्षण<br>संरक्षित कृषि पर एक पाठ्य एवं किसान - मित्र पुस्तक | नवेद साबिर, अवनि कुमार सिंह, मुर्तज़ा हसन |
| 2. | पशुधन एवं कुक्कुट उत्पादन में जैव सुरक्षा | त्रिवेणी दत्त, रूपसी तिवारी, अनुज चौहान, अजीत सिंह यादव, अमित कुमार |

इस पुरस्कार योजना के तहत पुरस्कृत पुस्तकों को एक-एक लाख रूपए के दो नकद पुरस्कार देने का प्रावधान है, यह राशि संयुक्त रूप से पुस्तक के लेखक/लेखिकाओं को दी जाती है। अतः सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से उक्त पुरस्कार संबंधी घोषणा की जाती है। ये पुरस्कार परिषद के स्थापना दिवस समारोह के दौरान दिनांक **16 जुलाई, 2022** को प्रदान किए जाएँगे। उक्त दोनों पुस्तकों के सभी लेखक/लेखिकाएँ पुरस्कार ग्रहण करने हेतु नई दिल्ली पधारने का कष्ट करें।

उक्त दोनों पुस्तकों के सभी लेखक/लेखिकाओं को बहुत-बहुत बधाई ।

07/07/2022

**(जगदीशन ए के)**
**उप निदेशक (राजभाषा)**

प्रतिलिपि:
1. संबंधित लेखकों को सूचनार्थ